हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, अप्रैल 4, 2024

14 त्रिवेणी युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर फतेहाबाद का एमएम कॉलेज सम्मानित



14 श्रीकृष्ण-रुकमणि विवाह की झांकी ने मोहा मन



## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग ने धांगड़ में लगाया चिकित्सा शिविर

**फतेहाबाद।** आयुष ग्राम के तहत गांव धांगड़ की ढाणी नामपुरा के हनुमान मंदिर में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्ध मरीजों, गर्भवती महिलाओं व अन्य मरीजों की जांच की गई तथा परामर्श उपरांत निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गई। इस शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. भारती चौहान ने मरीजों को आहार-विहार एवं तुचर्या के बारे में जागरूक किया।

### कपड़ों की दुकान में नशा बेचते महिला काबू

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रेडिमेड कपड़ों की दुकान में नशीले पदार्थ बेचते एक महिला को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई कपिल देव के नेतृत्व में नशीले पदाथार्् की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जब टोहाना के बराड़ चौक पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि चौखंडी मोहल्ला निवासी सिमरन नामक महिला सरकारी स्कूल के पास रेडिमेड कपड़ों की दुकान करती है।

### शिविर के दूसरे दिन 21 के किए ऑपरेशन

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा आयोजित आंखों के मुफ्त ऑपरेशन कैंप के दूसरे दौर में बुधवार को 21 जरूरतमंद नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किए गए। ये जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी डॉ. अनुज गुप्ता व कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश जैन ने बताया कि क्लब द्वारा जिन 123 नेत्र रोगियों को आपरेशन हेतु चयनित किया गया था, उनमें से 21 नेत्र रोगियों के आज टीपीआई हस्पताल में डॉ. राहुल सिंगला द्वारा फेको विधि द्वारा लेंस डालकर आपरेशन किए गए हैं।

### स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**चोपटा।** चौपटा में बुधवार चौधरी देवीलाल बहुतकनीकी कालेज की एनएसएस यूनिट की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। रैली को कालेज के प्रधानाचार्य विवेक वोहरा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली चौपट शहर से होते हुए सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर किया।

### दिन दहाड़े आभूषण व 80 हजार की नगदी चोरी

**ओढां।** गांव मिठड़ी में दिनदहाड़े 80 हजार की नगदी व आभूषण चोरी हो गए। ओढ़ा पुलिस ने हरपाल सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह निवासी मिठड़ी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। हरपाल सिंह ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मैं बोर लगाने का काम करता हूं। पिछले कई दिनों से मेरी पत्नी व बच्चे स्कूल के पेपर समाप्त होने के बाद अपने मायके गए हुए थे और वह घर पर अकेला है।

धरने के कारण मंडी में फसलों की बोली दोपहर 12 बजे बाद हुई

# पांच अप्रैल को पूरी तरह से बंद रहेगी सिरसा अनाज मंडीः मेहता



**सिरसा।** मार्केट कमेटी के बाहर धरना देते आढ़ती।

आढ़ती अपना कारोबार बंद रखेंगे और फसलों की बोली भी नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर आढ़तियों द्वारा दिया जा रहा धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के कारण मंडी में फसलों की बोली दोपहर 12 बजे बाद ही आरंभ हो पाई। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि गेहूं पर पूरी दामी देने तथा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने की मांग पर यह धरना-प्रदर्शन चल रहा है जो पांच अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को सिरसा मंडी में पूरी तरह से हड़ताल रहेगी। आढ़ती अपना कारोबार बंद रखेंगे और फसलों की बोली भी नहीं होगी। कंडातोल हड़ताल रहेगी। इसलिए किसान पांच अप्रैल को मंडी में अपनी फसलें लेकर न आए ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। उन्होंने फैक्ट्री मालिकों को भी अपील की है कि वे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की खाली-भराई न करवाए। उधर आज धरने-प्रदर्शन में इनेलो के नेता पहुंचे और उन्होंने आढ़तियों को पार्टी की ओर से पूरा समर्थन दिया। इनेलो जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला, शहरी जिलाध्यक्ष गंगाराम बजाज, युवा जिलाध्यक्ष भगवान कोटली, हलका अध्यक्ष गुरदीप गिल, गुरदयाल मेहता धरना पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों, आढ़तियों के बीच दरार पैदा करना चाहती है। सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं की जा रही है जो सीधे=सीधे मंडियों व आढ़तियों को बर्बाद करने का एक षडयंत्र है। यदि आढ़तियों के माध्यम से फसलों की खरीद नहीं होगी तो मंडियां बंद हो जाएंगी। हजारों आढ़ती व लाखों मंडी मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। इस मौके पर एसोसिएशन के उपप्रधान प्रेम बजाज, सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सह सचिव महावीर शर्मा, सुशील कस्वां, सुरेंद्र मिचनाबादी, हरदीप सिंह सरकारीया, बाबा रामदास, चिमन मोंगा, विजय चौधरी, धर्मपाल जिंदल, हनीश गर्ग, अंकित अरोड़ा, संजय जैन, नरेंद्र धींगड़ा, सरदार प्रकार सिंह,राजेंद्र नंबरदार, सुधीर ललित, कृष्ण गोयल, हन्नी अरोड़ा, धर्मपाल मेहता, गुरजंट सिंह, देवराज कंबोज, राजेश बिट्टू आदि मौजूद थे।

# देश की जनता का मूड भाजपा के साथ मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री

- भाजपा प्रदेश महामंत्री पहुंचे फतेहाबाद, भीम लाम्बा के प्रतिष्ठान पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में देश की जनता का मूड भाजपा के साथ है। हरियाणा की सभी 10 सीटें पर जीत दर्ज करने के साथ-साथ भाजपा 400 पार के आंकड़े को पार करेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सुरेन्द्र पूनियां बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भीम लाम्बा के सिरसा बाईपास स्थित प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर भीम लाम्बा व अन्य भाजपा नेताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां ने भाजपा नेताओं के साथ लोकसभा चुनावों खासकर सिरसा लोकसभा सीट को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 5 अप्रैल को जिले में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां का स्वागत करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, कंवल चौधरी, हवा सिंह भिरड़ाना, मोहन लाल शर्मा आदि रहे।



**फतेहाबाद।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां का स्वागत करते भीम लाम्बा व अन्य भाजपा नेता।

# ढाणी में घुसकर बुजुर्ग महिला की आंखों में मिर्च फैंकी, सोने के गहने छीनकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नजदीकी गांव दौलतपुर के पास खेतों में स्थित ढाणी में एक बुजुर्ग महिला को देखकर घुसे दो लोगों ने महिला की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर सोने के गहने छीने लिए और मौके से फरार हो गए। बुजुर्ग महिला ने बाद में इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और महिला सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दौलतपुर निवासी बुजुर्ग महिला भरपाई देवी ने कहा है कि वह परिवार के साथ खान मोहम्मद रोड पर खेतों में बनी ढाणी में रहते हैं। दोपहर को करीब 3 बजे उसके परिवार के सदस्य पास की छोटूराम की ढाणी में गए हुए थे। उसी समय एक मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति और महिला सवार होकर उसकी ढाणी में आए और खेत से घास काटने लग गए। इन लोगों ने उसे अकेला देखा तो वह ढाणी के अंदर आ गए। अंदर आते ही इन लोगों ने हाथों में लिए मिर्च पाउडर को उसकी आंखों पर डाल दिया और उसके कानों से दोनों सोने की बालियां व गले में पहनी सोने की तबीजी छीनकर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए।

# सरकारी स्कूल में पीजीटी संस्कृत पद खाली

- पंचायत ने निदेशक को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव मताना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीजीटी संस्कृत का पद स्वीकृत न किए जाने से गांव के विद्यार्थियों में निराशा का माहौल है। ग्राम पंचायत मताना ने शिक्षा विभाग से हाल ही में अपग्रेड किए गए इस स्कूल में पीजीटी संस्कृत का पद स्वीकृत किए जाने की मांग की है। इसको लेकर ग्राम पंचायत मताना का प्रतिनिधिमंडल सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा के नेतृत्व में शिक्षा अधिकारियों से मिला और उन्हें निदेशक, सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा ने कहा कि हाल ही में गांव के राजकीय हाई स्कूल को अपग्रेड करके राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा किया गया है। विद्यालय में 1 अप्रैल से कक्षा 11वीं और 12वीं में दाखिले शुरू हो गए है। स्कूल में तीन स्ट्रीम है। गांव के काफी संख्या में विद्यार्थी सरकारी स्कूल में एडमिशन लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर विद्यालय में स्वीकृत पीजीटी के पदों को दर्शाया गया है जबकि पीजीटी संस्कृत का पद स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा नौंवी व दसवीं में संस्कृत विषय के 35 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और नए शैक्षणिक सत्र में नए दाखिले भी हो रहे हैं, ऐसे में संस्कृत पीजीटी का पद खाली होने से विद्यार्थियों में काफी निराशा है। पंचायत ने निदेशक को पत्र भेजकर विद्यालय में पीजीटी संस्कृत का पद स्वीकृत करने की मांग की है ताकि गांव के विद्यार्थी संस्कृत विषय की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रख सके और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सरकारी स्कूल में एडमिशन करवाए जा सकें। इस अवसर पर राधेश्याम वर्मा, राम सिंह पूर्व पंच, कपूर सिंह, राजकुमार वर्मा, एडवोकेट जिले सिंह, रामरतन वर्मा, हंसराज भोभिया, सत्यवान कस्वां, धर्मचंद सुथार सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्राम पंचायत मताना के सदस्य।

# स्कूल को लेकर दो पक्षों में विवाद

- एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर स्कूल में घुसकर ताले तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव थेड़ी स्थित एक निजी स्कूल को लेकर दो पक्षों में विवाद का समाचार है। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर स्कूल में घुसकर ताले तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुंदर नगर फतेहाबाद निवासी सिमरनजीत सिंह ने कहा है कि उसने गांव थेड़ी में एक स्कूल ठेके पर लिया हुआ है और इसको लेकर उसने विनोद कुमार के साथ लिखित एग्रीमेंट भी किया हुआ था। अब विनोद कुमार जबरदस्ती दखलअंदाजी कर स्कूल खाली करवा रहा है।

### हांसपुर पुलिस चौकी में दर्ज की शिकायत

इसके चलते 15 मार्च को वह 8-10 अन्य हथियारबंद युवकों के साथ स्कूल में घुस आया और स्कूल के ताले तोड़ दिए। इन लोगों में बीआरएम स्कूल के लोग भी थे। इस पर उसने इस बारे हांसपुर पुलिस चौकी में शिकायत दी। इस पर चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्षों पर 107/51 का पर्चा दर्ज किया। सिमरनजीत ने कहा कि अब विनोद कुमार अपने 8-10 साथियों जिनमें बीआरएम स्कूल के लोग भी थे, 1 अप्रैल को फिर स्कूल में आया। उसने स्कूल के सभी ताले तोड़ दिए जोकि कैमरे में भी कैद हो गए। उन्होंने ऑफिस से एलसीडी उतारी और स्कूल के सभी कैमरे बंद कर दिए। इसके बाद जब वह अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि उक्त लोगों ने पुराने ताले तोड़कर नए ताले लगा दिए थे। इसी दौरान विनोद मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और आते ही उनके साथ गली-गलौच करना शुरू कर दिया और मोटरसाइकिल से टक्कर मारने की कोशिश की। इस पर उसकी पत्नी ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद विनोद मौके से गांव की तरफ भाग गया। इस पर सिमरनजीत ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला जेल में पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा द्वारा बंदियों के लिए आयोजित 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में 35 प्रशिक्षणार्थी बंदियों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर बतौर मुख्यातिथि जेल अधीक्षक संजीव पात्तर और उप जेल अधीक्षक मोहन सिंह ने शिरकत की। उन्होंने अपने हाथों से प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि अगर जेल में कैदी रोजगारपरक कुछ भी सीखते हैं तो वे बाहर जाकर अपना रोजगार चला सकते हैं। इस मौके पर निदेशक सुरेश कुमार गर्ग ने बंदियों को जेल से बाहर जाने के बाद अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ण दिया जाता है। उन्होंने बंदियों को यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया।



**सिरसा।** प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देते मुख्य अतिथि संजीव पात्तर।

# गौरव व प्रिंस का कॉलेज वेलफेयर वर्क मॉडल अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज में आईक्यूएसी सैल द्वारा मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के सभी विभागों की टीमों ने 75 मॉडल पेश किए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सीडीएलयू से डीन ऑफ कॉलेज डॉ. आरती गौड़ व शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन से रिटायर्ड कर्नल नरेंद्र पाल सिंह तूर ने शिरकत की तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह ने मुख्य अतिथि को बुक्के देकर स्वागत किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पानी बचाने, एडवांस बैंकिंग, आधुनिक स्पोर्ट्स ग्रांउड, प्रोजेक्टर,बायोस्कोप सहित उम्दा मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर डॉ. बाबुलाल, आईक्यूएसी सैल इंचार्ज डॉ. अनिल बैनिवाल, डॉ. सुमित सिंगला, अशोक कुमार, जयपाल, अमित बुला, हरचरण सिंह सहित सभी सहायक प्रोफेसर मौजूद रहे। डा. आरती गौड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि मॉडल मेकिंग रचनात्मकता को पंख देता हैं। साथ में मस्तिष्क के विकास में भी इन गतिविधियों का विशेष योगदान होता है। ऐसी प्रतियोगिता अपने विचारों को प्रस्तुत करने की क्षमता व आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।



**सिरसा।** बनाए गए मॉडल के साथ विद्यार्थी।

- कॉलेज के सभी विभागों की टीमों ने 75 मॉडल पेश किए

### मॉडल मेकिंग का यह रहा परिणाम

मॉडल मेकिंग में एमएससी जियोग्राफी से गौरव व प्रिंस द्वारा शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे मानवता भलाई के कायार्ें संबंधी मॉडल प्रथम, बीकॉम अंतिम वर्ष से अर्शदीप द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधित बनाया गया मॉडल द्वितीय, जन संचार विभाग से पंकज द्वारा बनाया गया बायोस्कोप का मॉडल तृतीय तथा बीएससी नवजोत का उन्नत सिंचाई प्रणाली व एमएससी जियोग्राफी के मनीष द्वारा रॉकेट लांचर पर बनाया गया मॉडल संयुक्त रूप से मॉडल चौथे स्थान पर रहा।

# लोकतंत्र की शान है उंगली पर नीली लकीर

- जिला प्रशासन द्वारा जोरशोर से चलाया जा रहा है मतदाता जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) के तहत जिला में मतदाता जागरुकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व मुहिम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें हर एक मतदाता शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती की नींव रखता है।

### मतदान जागरुकता के लिए किए जा रहे प्रयास

चुनाव का रंग भी सिर्फ उंगली पर निशान मात्र नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की अनूठी शान का प्रतीक भी है। विविधताओं से भरे अद्भुत राष्ट्र को एक रंग से जोड़ने और सभी का इसमें समावेश करने वाले चुनाव के इस पर्व पर देश को गर्व है। विभाग अपने-अपने स्तर पर कर रहे मतदाताओं को जागरुक जिला प्रशासन द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लेक्स लगवाए जा रहे हैं तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गए हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों, पार्कों व बूथों पर भी सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी व अन्य विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित कैंपों में युवाओं को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों को मजबूत लोकतंत्र में मतदान की भूमिका के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि वे अपने अभिभावकों व पड़ोसियों को मतदान का महत्व बताएं। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालयों में युवा मतदाताओं विशेषकर फस्ट टाइम वोटर में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

ओढां अनाजमंडी में पोलिंग बूथों का भी किया निरीक्षण

# एडीसी ने अनाजमंडी में सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बुधवार को ओढां अनाज मंडी में सुविधाओं का जायजा लिया।

इसके उपरांत उन्होंने क्षेत्र में पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को फसल खरीद को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में बिजली, पानी, सफाई, शौचालयों आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए ताकि फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त उपायुक्त ने ओढां क्षेत्र के पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग व बुजुर्गों मतदाताओं के लिए रैंप सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, पेयजल, बिजली, टेबल व कुर्सियों के साथ-साथ छांव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में जहां कही भी कमी नजर आए, उसे शीघ्रता से दूर किया जाए ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



**सिरसा।** ओढां अनाज मंडी का निरीक्षण करते एडीसी विवेक भारती।

# हेल्दी लाइफ के लिए रूल्स ना हों स्ट्रेसफुल


यह सही है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में बैलेंस होना चाहिए। लेकिन इनकी वजह से हमेशा स्ट्रेस लेना और खुद की इच्छाओं को मारना भी सही नहीं है। अच्छी हेल्थ के लिए कैसे हों रूल्स, जानिए।

**हेल्दी फंडा**
**शिखर चंद जैन**



लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच हेल्थ को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। काफी लोग सुबह जल्दी उठकर वॉकिंग, जॉगिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। खान-पान में परहेज बरत रहे हैं और टाइट-डाइट प्लान पर अमल कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी इस अनुशासित जीवनशैली से भी इंसान का मन स्ट्रेस्ड और दुखी हो जाता है, तब लगता है कि हमें दुनिया की सारी अच्छी चीजों से दूर रखा जा रहा है। ऐसे में जब अनुशासन ज्यादा लगे तो इसमें ढील देकर रिलैक्स करने में कोई बुराई नहीं।

**सुकून भी है जरूरी:** अपनी जिंदगी में हर उस चीज को दूर रखना, जो आपको पसंद है, आपको कभी स्वस्थ नहीं रख पाएगी। क्योंकि आप हमेशा दुखी और असंतुष्ट रहेंगे, इसलिए विवेकशीलता और संतुलन के साथ इन चीजों को भी शामिल रखें। जो लोग बहुत कठोर एक्सरसाइज और टेस्टलेस हेल्दी डाइट लेते रहते हैं, उनके लिए लेखिका हाना ब्रोफमैन ने अपनी किताब 'डू व्हाट फील्स गुड-रेसिपीज, रेमेडीज एंड रूटीन टू ट्रीट योर बॉडी राइट' में लिखा है कि तन-मन स्वस्थ रखने के लिए दुनिया के तमाम हेल्थ नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने आत्मिक आनंद और सुकून का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।



**फिजिकल-इमोशनल-सोशल बैलेंस जरूरी:** आप अपनी वेलनेस का टारगेट तभी अचीव कर पाएंगे, जब खुद को खुश और आनंदित रखेंगे। सही ढंग से सेहतमंद रहने के लिए जिंदगी के फिजिकल, इमोशनल और सोशल तीनों पहलुओं में संतुलन रखना होगा। आपको फिजिकली फिट रहना है तो एक्सरसाइज करें लेकिन खुद को कष्ट न दें। एंज्वॉय करते हुए डांस, स्विमिंग, बैडमिंटन, रेसिंग, वॉकिंग आदि के माध्यम से फिट रह सकते हैं। आपको चटपटी चीजें खाना पसंद हो तो जरूरी नहीं कि आप होटल रेस्तरां या स्ट्रीट फूड खाएं। आप कभी-कभी घर में अपने हाथ से ताजा चटपटी चीजें, जो शुद्ध तेल-मसालों और सब्जियों, फलों के उपयोग से बनी हो, उन्हें खा सकते हैं। आपको लोगों से मिलना-जुलना, हंसी-मजाक करना और दोस्तों के साथ अड्डा जमाना अच्छा लगता है तो जरूरी नहीं कि आप किसी बार में मिलें। इसके लिए आप किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर, लंच या ब्रेकफास्ट पर मिल सकते हैं।

**छोटे कदम उठाएं:** वेलनेस का मूल मंत्र यह है कि आपको जानना चाहिए कि आपके लिए क्या बेस्ट है और आप खुद को स्ट्रेस दिए बिना इसे कैसे अचीव कर सकते हैं? स्ट्रेस देने वाली डाइट, एक्सरसाइज या दूसरे अनुशासन बिल्कुल काम नहीं करते। जो चीजें आपको उदास और परेशान करती हैं वे नुकसान पहुंचाती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग का कहना है कि मन की स्थिति और विचारों का हमारे एनर्जी लेवल पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। वेलनेस कोच का मानना है कि आपको वेलनेस रिजाइम सेट करने के लिए छोटे-छोटे त्याग शुरू करने चाहिए और हर रोज छोटे छोटे कदम उठाते हुए बैड हैबिट्स को अपने रूटीन से निकालकर अच्छी आदतें विकसित करनी चाहिए।

**ऐसा हो वेलनेस रूटीन:** 80 फीसदी हेल्दी रूटीन और अनुशासन के साथ-साथ 20 फीसदी ढील खुद के मन की चीजों के लिए दें। जिम के बाहर यानी किसी पार्क, हरे-भरे स्थान या सी बीच पर रनिंग/वॉकिंग करने की आदत डालें। वेट कंट्रोल या डाइट कंट्रोल के कठिन लक्ष्य निर्धारित करके खुद को सजा न दें। हेल्दी रूटीन और डाइट पर कंट्रोल की अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को एंज्वॉय करें।

**सोशल मीडिया से प्रभावित ना हों:** कभी भी सोशल मीडिया पर दी गई सूचनाओं और जानकारियों से प्रभावित ना हों। इनमें से ज्यादातर फेक हो सकती हैं और आप को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दूसरों की नकल करने की कोशिश भी ना करें क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और जरूरतें अलग होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट से कंसल्ट जरूर करें। *

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल**
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशल:7 अप्रैल, वर्ल्ड हेल्थ-डे

हम हेल्दी लाइफ तभी जी सकते हैं, जब इसके प्रति अवेयर होंगे। इसे अपना अधिकार समझेंगे। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम-माई हेल्थ, माई राइट निर्धारित की है। इसके लिए मुख्य रूप से हमें पौष्टिक-संतुलित भोजन, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल को अपनाना होगा। इसके लिए हमें किन बातों पर ध्यान देना होगा, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्दी लाइफ के लिए हम समझें माई हेल्थ-माई राइट

अन्न, जल, और वायु हमारी मूलभूत जरूरतें ही नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। लेकिन आज के दौर में अनजाने ही हम अच्छी सेहत के लिए जरूरी इन मूलभूत जरूरतों को इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को ही दरकिनार करते जा रहे हैं। पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं में की जाने वाली छेड़छाड़ की वजह से जलवायु संकट बढ़ रहा है और प्राकृतिक संसाधन दूषित होते जा रहे हैं। फलस्वरूप इनके विशुद्ध रूप का उपयोग करने से हम वंचित हो रहे हैं। वहीं व्यस्ततम आधुनिक जीवनशैली और खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों की वजह से पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन नहीं कर पा रहे हैं। जिसका खामियाजा बिगड़ती सेहत के रूप में खुद हम ही भुगत रहे हैं। इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से 'माई हेल्थ-माई राइट' का आह्वान किया है, ताकि हर व्यक्ति अच्छा पोषण, साफ-सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ वायु जैसी मूलभूत जरूरतों का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवन जी सके।

## पौष्टिक-संतुलित भोजन

पोषक और संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। ऐसा आहार जिसमें मोटे तौर पर ये दो फूड ग्रुप्स जरूर होने चाहिए- मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट्स) और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स)। आहार से प्राप्त पोषण न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों को करने में हमें उर्जा प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। इम्यूनिटी बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद मिलती है। व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। खासकर वेगन डाइट से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाइरॉयड, हाई कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड जैसी क्रॉनिक डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों की वजह से हमारे खाने की थाली में बदलाव आए हैं। बहुधा पोषक तत्वों की कमी मिलती है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक न मिलने पर कुपोषण की समस्या आ जाती है, व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वह आसानी से कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। इनकी कमी से कुपोषण, एनीमिया के अलावा कई बीमारियां होने की संभावना रहती है। जैसे- विटामिन ए की कमी से अंधापन हो सकता है। विटामिन डी की कमी से हड्डियां,दांत और मांसपेशियां कमजोर रह जाती हैं। वयस्कों में थकान, एनीमिया, डिप्रेशन, फैटी लीवर, ऑस्टियोपोरोसिस,उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



## कैसे करें बचाव

प्रोसेस्ड, जंक या फास्ट फूड के बजाय घर के बने खाने को वरीयता दें। संतुलित आहार के लिए अलग-अलग वैरायटी के खाने को शामिल करें। खाने की थाली में इस विविधता से एक तो जायका बढ़ता है, दूसरे पौष्टिक तत्वों में इजाफा भी होता है। हरेक मील में सभी फूड ग्रुप का सेवन करें यानी खाने की प्लेट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), हड्डियों आदि को मजबूती देने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिन और मिनरल) फूड्स होने चाहिए।



## शुद्ध-सुरक्षित पेयजल

पानी मनुष्य को जीवित रहने के लिए बहुत जरूरी है। यहां तक कि मानव शरीर के तकरीबन 70 प्रतिशत भाग में पानी विद्यमान होता है। एक व्यक्ति कुछ हफ़्ते तक बिना खाए रह सकता है, लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह रहना भी मुश्किल हो जाता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए शुद्ध-सुरक्षित पेयजल जरूरी है। लेकिन आज हमारे सामने पानी का संकट बड़ी समस्या है। इसके पीछे वनों का कटाव, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और इकोलॉजिकल सिस्टम में असंतुलन मुख्य कारण हैं। दुनिया भर में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में करीब 400 मिलियन लोग रहते हैं। करीब 6.5 अरब लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी का नियमित सेवन शरीर के समुचित संचालन के लिए आवश्यक है।

पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। पाचन-प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाता है। पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। शरीर में सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखता है, जो सेलुलर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है जो तंत्रिका संचार, हृदय कार्य और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। रक्त प्रवाह (जिसमें 83 प्रतिशत पानी होता है) के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाकर शरीर को पोषण प्रदान करता है। अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। शरीर का तापमान नियंत्रण करता है।

## स्वास्थ्य पर असर

बैक्टीरिया या वायरस की वजह से प्रदूषित पानी पीने से गैस्ट्रो इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति को पेट दर्द, डायरिया, उल्टियां, हैजा, टाइफायड, बुखार, हेपेटाइटिस ए जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जल स्रोत के रसायनों या कीटनाशकों की वजह से कैंसर और हृदय संबंधी दीर्घकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।



## कैसे करें बचाव

- प्रदूषित स्थान का पानी न पिएं। पानी उबालकर पिएं।
- फिल्टर, आरो जैसे वॉटर प्यूरीफायर से शुद्ध पानी या क्लोरीन टेबलेट से साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- वातावरण को साफ रखें, प्राकृतिक जल स्रोतों में कूड़ा न डालें। गंदा-संक्रमित पानी न पिएं। *

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

## स्वच्छ वायु भी है बहुत जरूरी




**हम सभी** को जीने, और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ हवा की भी आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान दौर में स्वच्छ वायु बामुश्किल नसीब होती है। वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी के कण, गैस, ईंधन, धुंआ , रसायन जैसे प्रदूषक तत्व हवा को प्रदूषित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के 97 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। दूषित वायु से हर 5 सेकेंड में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा रहा है।

**स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:** स्वच्छ वायु न मिलने पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व व्यक्ति के श्वसन तंत्र के माध्यम से शरीर तक पहुंचने लगते हैं। शरीर में आक्सीडेटिव तनाव, इंफ्लेमेशन का कारण बनते हैं। जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों, विशेषकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। म्यूकोसल इम्यूनिटी को हानि पहुंचती है और बार-बार बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। एलर्जिक सर्दी-खांसी-जुकाम या कफ-कोल्ड की समस्या होने लगती हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वायु के संपर्क में रहने पर व्यक्ति को कई तरह के रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, फेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** घर से बाहर जाते समय यथासंभव मास्क पहनें, इंडोर एयर को स्वच्छ बनाने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। वेंटिलेशन का पूरा ध्यान रखें। एयर सर्कुलेशन को अच्छा बनाने के लिए दिन में कम से कम 2 बार कमरे की खिड़कियां-दरवाजे खोलकर रखें। प्रदूषण-रोधी इंडोर प्लांट्स जैस- मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, आरीका पाम, रबर प्लांट, एलोवेरा लगाएं। ये पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर वातावरण को साफ रखने में मदद करते हैं।

**घरेलू औषधि/ रेखा देशराज**

# गुणों का भंडार लहसुन



अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्व:** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6, एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोग:** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *


**अवेयरनेस**
**डॉ. माजिद अलीम**

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या

एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारण:** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।



**क्या है ग्लूकोमा:** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।

**ऐसे होती है जांच:** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षण:** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीके:** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रैबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रैबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *



**मेडिकल सजेशन**
**विनीता**

विटिलिगो यानी सफेद दाग स्किन पर होने वाली प्रॉब्लम है। इस वजह से स्किन पर व्हाइट स्पॉट्स दिखने लगते हैं। क्यों होता है ऐसा, कैसे करें इससे बचाव और क्या है इसका उपचार, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# विटिलिगो पॉसिबल है ट्रीटमेंट



हालांकि विटिलिगो स्किन से जुड़ी ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से कोई शारीरिक तकलीफ नहीं होती लेकिन इसे लेकर कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं, जिनके कारण ऐसी समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जिसमें व्यक्ति की इम्यूनिटी उसकी स्किन में कलर कंट्रोल करने वाले मेलानोसाइट्स सेल्स को धीरे-धीरे नष्ट करने लगती है। इससे स्किन पर सफेद धब्बे नजर आने लगते हैं।

**क्या है वजह :** आनुवंशिकता इसकी प्रमुख वजह मानी जाती है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि इससे पीड़ित व्यक्ति की संतानों को भी यही समस्या हो। कुछ लोगों के शरीर पर छोटे आकार के गोल धब्बे बनने लगते हैं और उस स्थान से रोएं भी गायब होने लगते हैं, इसे एलोपेशिया एरियाटा कहा जाता है। कई बार यह समस्या भी विटिलिगो का कारण बन जाती है। बर्थ मार्क या मस्से के आस-पास की त्वचा के रंगत में बदलाव होने के बाद भी विटिलिगो की समस्या हो सकती है। बिंदी में लगी गोंद या फुटवियर के के कारण भी ऐसी समस्या हो सकती है, इससे बचाव के लिए ऐसी चीजें खरीदते समय क्वालिटी का ध्यान रखना चाहिए। अधिक केमिकल एक्सपोजर भी इसकी बड़ी वजह है। अगर कोई व्यक्ति ऐसी फैक्ट्री में काम करता है, जहां अधिक मात्रा में केमिकल का इस्तेमाल होता है, तो उसे भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**प्रमुख लक्षण:** अगर त्वचा की रंगत में सफेदी आने के साथ आस-पास के रोएं भी सफेद होने लगें तो यह विटिलिगो का लक्षण हो सकता है। आमतौर पर ऐसे दाग में खुजली या दर्द का एहसास नहीं होता और त्वचा की संवेदनशीलता भी बनी रहती है। गर्मी के मौसम में त्वचा के प्रभावित हिस्से में जलन हो सकती है।

**बचाव-उपचार :** यह ऑटो इम्यून डिजीज है, ऐसी बीमारियों के लिए मानसिक तनाव को काफी जिम्मेदार माना जाता है, इसलिए हमेशा तनावमुक्त रहें। कुछ लोगों की त्वचा अति संवेदनशील होती है। ऐसे लोगों को तेज गंध वाले साबुन, हेयर कलर, परफ्यूम, डियो और कीटनाशकों से दूर रहना चाहिए। कुछ लोग दाग छिपाने के लिए उसके उपर टैटू बनवा लेते हैं, ऐसा कभी नहीं करें। इससे दाग फैल सकता है।

इसके उपचार के लिए स्किन ग्राफ्टिंग का इस्तेमाल किया जाता है, यानी किसी एक जगह की त्वचा को निकाल कर उसे प्रभावित हिस्से पर लगाया जाता है। इससे दाग तो छिप जाता है, लेकिन स्टिच के हल्के निशान दिखाई देते हैं। सक्शन ब्लिस्टर एपिडर्मल ग्राफ्टिंग के जरिए त्वचा को वैक्यूम के माध्यम से दो भागों में विभाजित करके दाग वाले हिस्से पर सामान्य त्वचा को रखा जाता है। इससे त्वचा की रंगत बनाने वाला तत्व मेलेनिन दाग वाले स्थान में समा कर त्वचा की रंगत को समान बना देता है, इसमें स्टिच लगाने की जरूरत नहीं होती। इसके अलावा कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल होता है। फोटो थेरेपी भी उपचार में बहुत मददगार साबित होती है। इसके जरिए सूरज की अल्ट्रावॉयलेट किरणों की मदद से त्वचा की रंगत को दोबारा वापस लौटाने की कोशिश की जाती है। इसमें प्रभावित हिस्से में लोशन लगाकर रोजाना मरीज को धूप में आधे घंटे के लिए बैठने को कहा जाता है। आजकल ट्रीटमेंट के लिए एग्जाइमर लेजर विधि का भी इस्तेमाल किया जाता है। उपचार के इन तरीकों से विटिलिगो को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए अगर कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए विशेषज्ञ से कंसल्ट करना चाहिए। *

**(मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम में एचओडी-डर्मेटोलॉजी डॉ. रमनजीत सिंह से बातचीत पर आधारित)**

## आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षणार्थियों को मत प्रयोग की दी जानकारी

**सिरसा।** रानियां बाजार स्थित जिला रेडक्रॉस भवन में प्रोफैशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न गांवों से आए प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने युवाओं से कहा कि वे आने वाली 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में मतदान बेहद जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी द्वारा युवाओं को जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलवाई गई।

### योगेश बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**हिसार।** पूर्व जिला खेल प्रकोष्ठ सह संयोजक भाजपा योगेश शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर शर्मा ने भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, भाजयुमो जिला अध्यक्ष हर्ष बामल व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### राखी गढ़ी में दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब

**नारनौंद।** आबकारी विभाग की टीम ने राखी गढ़ी में दबिश देते हुए अवैध शराब बरामद की है। विभाग के अधिकारियों ने नारनौंद पुलिस को मौके पर बुलाया आगे की कार्रवाई के लिए मामला सौंप दिया। बताया जाता है कि गांव राखी खास में अवैध शराब बेचने का धंधा किया जा रहा है। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर संदीप लोहान व महावीर सिंह की टीम को सूचना मिली की गांव राखी खास में नेशु के खाली मकान में करमजीत और सुनील अवैध तरीके से शराब बेचने का धंधा करते हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश दी तो पुलिस को देखकर दोनों आरोपित भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने सरपंच को इसकी सूचना दी और मौके पर बुलाया। जब घर की तलाशी ली तो वहां पर देसी मार्का की 33 बोतल शराब की मिली।

### पेड़ लगाकर दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन मनाया

**नारनौंद।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन कस्बे के अलग-अलग जगह पर 36 पेड़ पौधे लगाकर मनाया गया। इस दौरान जेजेपी कार्यकर्ताओं ने वातावरण को शुद्ध करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित बूरा, ईश्वर सिंघवा, सुभाष बेरवाल, अमरजीत मलिक, रामकुमार भट्ट, कुलबीर ढिल्लू, शीलू दलाल, मनजीत कापड़ो, रामफल लोहान, वीरेंद्र माजरा, लोकेश माजरा आदि मौजूद थे।

### छात्रा को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**नारनौंद।** क्षेत्र के एक गांव की दसवीं कक्षा की पढ़ने वाली 16 वर्षीय छात्रा के साथ शादी करने का झांसा देकर ट्यूशन पढ़ने वाले युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। नारनौंद पुलिस ने पीड़ित नाबालिग छात्रा की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पीड़ित नाबालिग छात्रा की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी शहर में रहती है और उसने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को अपनी मां के पास पढ़ने के लिए छोड़ा हुआ था।

## शिक्षण संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम

# मतदान के लिए छात्रों को किया जागरूक



टोहाना। मतदान को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बनाए गए पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया व शपथ भी दिलवाई गई। इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता क्लब के तत्वाधान में लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में विद्यार्थियों को निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अपेक्स शिक्षण संस्थान बिढ़ाई खेड़ा में लोकसभा आम चुनाव संबंधी विभिन्न स्वीप गतिविधियां करवाई गई। कार्यक्रम में चार्ट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश प्रथम रही व छात्रा को स्टाफ के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। वही एक अन्य कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टोहाना के विद्यार्थियों को जागरूक किया गया व शपथ भी दिलवाई गई। आईजी कॉलेज प्राचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी जो 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष कि आयु पूरी चुके है व अभी तक उनका वोट नहीं बना है वह विद्यार्थी अपना वोट बनवाने के लिए फार्म 06 भरकर 8 अप्रैल 2024 तक संबंधित स्टाफ सदस्यों के पास फार्म जमा करवा सकते है।

# पुलिस ने गांजा सहित दो भाईयों को किया गिरफ्तार

- गांव लाली के एक मकान में छापेमारी कर 284 किलो गांजा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में गांजा सहित पकड़े गए दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने गांव लाली के एक मकान में छापेमारी कर 284 किलो गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान गांव अलालवास निवासी प्रकाश व रणजीत के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जैसे ही रतिया शहर के लाली मोड पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि गांव अलालवास निवासी प्रकाश व रणजीत दोनों भाई गांजा तस्करी का काम करते हैं। अब भी दोनों काफी मात्रा में गांजा लाकर गांव लाली में एक किराये के मकान में रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम डीएसपी संजय कुमार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट को साथ लेकर मौके पर पहुंची तो उक्त मकान का गेट खुला था और अंदर एक मोटरसाइकिल पर दो युवक प्लास्टिक कट्टा लिए निकलते दिखाई दिए। इस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में इन युवकों ने अपना नाम प्रकाश व रणजीत बताया। पुलिस ने जब मकान की तलाशी ली तो वहां से 8 प्लास्टिक कट्टे भरे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब सभी प्लास्टिक कट्टों की जांच की तो इनमें से 284 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## विधायक ने अधिकारियों के साथ रतिया में सीएम रैली स्थल का लिया जायजा

- प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 अप्रैल को रतिया में पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

अनाज मण्डी में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा व भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रैली स्थल अनाज मंडी रतिया का निरीक्षण किया। यहां जायजा लेते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर डीसी राहुल नरवाल, एसपी आस्था मोदी, एसडीएम जगदीश चंद्र, तहसीलदार संजय, बीडीपीओ, थाना प्रभारी जय सिंह, सीआईडी अधिकारी देवराज, मार्केट कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। लक्ष्मण नापा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 अप्रैल को रतिया में पहुंचेंगे तथा रतिया की अनाजमंडी में आयोजित होने वाली विशाल रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इसलिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी सभी व्यवस्थाओं को पहले ही सुनिश्चित कर लें। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

## सरसों की खरीद में सरकार कर रही आनाकानी: झोरड़

- सरकारी एजेंसी के लोग सरसों को दो-दो बार मोटी झार लगा कर किसान की उपज को आधा कर देती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने कहा कि सरसों में नमी बताकर व सफाई न होने की बात कहकर सरकार सरसों खरीदने में आनाकानी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसी के लोग सरसों को दो-दो बार मोटी झार लगा कर किसान की उपज को आधा कर देते हैं। उन्होंने कहा कि किसान को कतार में लगने का कहते हैं जब सुबह से शाम तक नंबर आता है तो सरकार कहती है कि सरसों में नमी है। झोरड़ ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की कई मंडियों में दौरा कर सरसों की खरीद का जायजा लिया पर हर जगह पर यही हाल मिला। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर तुरंत पुख्ता प्रबंध नहीं किए तो वे किसानों के समर्थन में आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की अनदेखी हो रही है, साथ ही आढ़तियों का कमीशन कम करके आढ़ती, मुनीम व लेबर का रोजगार छीनने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की इस धक्केशाही को लोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# 9 महीने से रोड का निर्माण कार्य शुरू न होने से रोषित दुकानदारों ने रोका

- दो दिन में समाधान करने के आश्वासन के बाद खोला जाम
- कामकाज हुआ ठप, रोजी-रोटी का पैदा हुआ संकट : दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी


हिसार। रोड जाम के दौरान प्रदर्शन करते हुए दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

गैस एजेंसी रोड का पिछले 9 महीने से निर्माण कार्य न होने से नाराज दुकानदारों ने तोशाम चुंगी पर पुराने हाइवे को जाम कर दिया। इस दौरान दुकानदारों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम के दौरान दुकानदार रोड पर लेट गए। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। करीब एक घंटे बाद नगर परिषद व पब्लिक हेल्थ के कर्मचारी पुलिस बस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों को दो दिन के अंदर उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद दुकानदार जाम खोलने पर सहमत हुए। दुकानदारों ने प्रशासन के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि दो दिन के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हाइवे को दोबारा जाम करने का काम किया जाएगा।

### एक साल पहले हुआ था टेंडर

तोशाम चुंगी से गैस एजेंसी रोड का करीब 1 साल पहले टेंडर हुआ था। इस रोड का निर्माण कार्य 2 करोड़ 40 लाख रुपये से किया जाना है। छह महीने पहले ही विधायक विनोद भयाना ने इस रोड के निर्माण कार्य के लिए नारियल फोड़ा था। इसके बाद ठेकेदार द्वारा रोड़ को तोड़ दिया था और रोड़ पर करीब 3 फिट गहरी खाई खोद दी थी। जिसके कारण सीवरेज लाइन व पेयजल लाइन टूट गई। सीवरेज लाइन टूटने से अब दुकानों के आगे गंदा पानी

# भीम आर्मी और पुलिस के बीच तीखी बहस

- आखिरकार एसडीएम के आश्वासन पर माने ग्रामीण
- गांव गैबीपुर में प्रिंसिपल के खिलाफ स्कूल के गेट के समक्ष चल रहा धरना दूसरे दिन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला


हिसार। भीम आर्मी पदाधिकारी कार्रवाई के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

गांव गैबीपुर में स्थित एक स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ चल रहे धरने के बुधवार को दूसरे दिन भीम आर्मी के बीरबल बरवाला व सतबीर ने स्कूल के दूसरे गेट के समक्ष भी तम्बू लगाकर धरना शुरू कर दिया था। इसके चलते भीम आर्मी के पदाधिकारियों व सदस्यों की पुलिस के साथ बहस-बाजी भी हुई। मौके की नजाकत को देखते हुए बरवाला थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पूरे दल बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और माहौल को शांत करने की कोशिश की। मामले को तूल पकड़ता देख थाना प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा भीम आर्मी अध्यक्ष बीरबल बरवाला के साथ डीएसपी गौरव शर्मा की बातचीत करवाई गई। इसके बाद गौरव शर्मा मध्यस्ता करते हुए एसडीएम अजय चोपड़ा बरवाला के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और भीम आर्मी के पदाधिकारियों से बातचीत की। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को कहा कि प्रिंसिपल के खिलाफ जो जांच चल रही है जिसकी अध्यक्षता डीईओ प्रदीप नरवाल कर रहे है हम उससे संतुष्ट नहीं है। ये सब मिले हुए है और जान बूझकर प्रिंसिपल का बचाव कर रहे है। इसकी जांच किसी दूसरे जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जोकि अनुसूचित जाति से हो कराई जाए। स्कूल में कार्यरत प्रदीप माली से बच्चे पढ़वाने का काम न करवाकर माली से माली का ही काम करवाया जाए। जिस पर एसडीएम बरवाला अजय चोपड़ा ने कहा कि मैं खुद इस जांच को मॉनिटर करूंगा और आपकी टीम को भी साथ रखा जाएगा और माली से माली का ही काम करवाया जाएगा। किसी की ज्यादती सहन नहीं चलेगी।

### उचित कार्रवाई नहीं हुई तो डीसी आवास पर देंगे धरना

भीम आर्मी अध्यक्ष बीरबल बरवाला ने चेतावनी हुए कहा कि अगर सात दिनों में कोई कारवाई नही हुई तो उपायुक्त प्रदीप दहिया के निवास के समक्ष धरना लगाया जाएगा। एसडीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि आपकी दोनों मांगों पर उचित कार्रवाई होगी। आप लोगो को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस अवसर पर सतबीर उपाध्याय, रामभगत प्रभुवाला, राहुल प्रभुवाला, श्रवण, राजेश, मेहरनाथ, भूरिया व पीड़ित कर्मचारी जसवन्त की पत्नी आदि मौजूद रहे।

# सरसों की तुलाई में किसानों को लगाई जा रही चपत

## प्रति बैग करीब 250 ग्राम ज्यादा तोली जा रही सरसों, सरसों पास होने के बाद भी किसानों को तुलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

सरसों की सरकारी खरीद में तोल के समय किसानों की सरसों ज्यादा तोली जा रहा है। तोल ज्यादा होने के चलते प्रति बैग के हिसाब से किसानों की करीब 250 ग्राम सरसों ज्यादा तोली जा रही है। इससे किसानों को प्रति बैग करीब 15 रुपये का नुकसान हो रहा है। यह सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा की जा रही है। ऐसे में हैफेड द्वारा मंडी में तुलाई, उठान व सरसों को साफ करने के लिए झार के लिए टेंडर दिया गया है। एक ओर तो सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के वायदे कर रही है परंतु जब किसान अपनी फसल को मंडी में बेचने के लिए आ रहा है तो ऐसे में फसल तुलाई में उसे चूना लगाया जा रहा है। फसल जल्दी बेचने के चक्कर में अब तक किसानों ने भी इसकी किसी अधिकारी को कोई शिकायत नहीं दी है।

### पूरा दिन किसानों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

किसान राजेंद्र सिंह पुट्ठी मंगल खां ने बताया कि सरसों की फसल की सफाई के लिए झार लगाया जा रहा है। जिन किसानों की फसल पास होती है, उन्हीं की सफाई करवाई जाती है। सफाई के लिए ठेकेदार के मजदूर प्रति बैग 4 रुपये किसान से ले रहे है। वहीं मजबूर खराब सरसों देने के लिए भी किसान पर दबाव बनाते हैं। राजेंद्र का कहना है कि मापदंडों के अनुसार फसल पास होने के बाद भी पूरा दिन बीत जाने के बाद सरसों का तोल किया जा रहा है। इससे पूरा दिन किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पूरे मापदंड पर की जा रही सरसों की खरीद

विभाग की ओर से उन्हीं किसानों की सरसों की फसल की सरकारी रेट पर खरीद की जा रही है जिनकी नमी 8 प्रतिशत या इससे कम है। परंतु जब किसान फसल निकालने के बाद सरसों को सरकारी रेट पर बेचने के लिए मंडी पहुंच रहा है तो नमी ज्यादा होने के चलते उसे मंडी में फसल को सुखाना पड़ रहा है। जिसके कारण उसे मंडी में ही अपनी रात गुजारने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मंडी में फसल सुखाने के लिए मेहनत करने के बावजूद भी तोल में किसानों के साथ गोलमाल किया जा रहा है।

### खाली बारदाने का 740 ग्राम वजन

हैफेड की ओर से प्रति बैग 51 किलोग्राम का वजन किया जा रहा है। इसके बाद 50 किलोग्राम के पैसे किसानों के खाते में डाले जा रहे है। जब खाली बारदाने का वजन किया गया तो उसमें करीब 740 ग्राम वजन पाया गया। ऐसे में प्रति बैग करीब 250 ग्राम ज्यादा वजन किया जा रहा है। पूरा साल मेहनत कर फसल खरीदने के नाम पर भी किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है।

### बारदाना सूखने के कारण वजन कम

बारदाने का वजन 980 ग्राम पास है। ऐसे में इसी वजन के साथ सरसों की फसल का तोल किया जा रहा है। बारदाना सूखने के कारण वजन कम हो रहा है। **-बबली, हैफेड, मैनेजर हांसी।**

## स्वास्थ्य मंत्री की बेटी ऋचा गुप्ता ने एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा

**हिसार।** हिसार की बेटी ऋचा गुप्ता ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा झंडा फहरा कर न केवल हिसार का पूरे राष्ट्र का नाम प्रकाशमान किया है। पिता हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व माता डॉ. प्रतिमा गुप्ता व दादी अपनी बिटिया पर इस साहसिक कार्य पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। वर्ष 1982 में हिसार में जन्मी प्रारम्भिक शिक्षा विद्या देवी जिंदल स्कूल व कैम्पस स्कूल में हुई। वे बचपन से ही बहुत ही मेधावी और साहसी रही है। उनकी यश पताका पूरे देश में फहराएगी इसके लक्षण उनमें बचपन से ही दिखाई देने लगे थे।


बेस कैंप पर झंडा फहराती ऋचा गुप्ता।

उन्होंने कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की शिक्षा भिवानी से प्राप्त की। एमबीए जमशेदपुर से की। 2008 में वे परिणय सूत्र में बंध गई। आज कल वे अमेरिका के न्यूजर्सी सिटी में अपने पति के साथ निवास कर रही है। शहर की जनता भी अपनी बेटी पर गर्व की अनुभूति कर रही है।

## रोडवेज कर्मचारी आज दो घंटे करेंगे विरोध प्रदर्शन

- रोहतक रोडवेज जीएम के खिलाफ विजीलेंस जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

रोहतक रोडवेज के जीएम अपने पद का दुरुपयोग कर उनके खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं, जिसे किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप पाबड़ा और राज्य कोषाध्यक्ष सुभाष बिश्नोई ने कही। वो संघ के डिपो प्रधान विजय नागपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोहतक रोडवेज जीएम के खिलाफ विजीलेंस जांच की मांग करते हुए कहा कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए नहीं तो संघ के द्वारा राज्य स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा रोडवेज सैंट्रल वर्कशाप हिसार व करनाल बंद करने की योजना का एचआरईसी गुरुग्राम बॉडी सैक्शन से नई 500 बसों की बॉडी बनाने का ठेका प्राईवेट कंपनियों को दे रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार अपने चहेतों को फायदा देने का काम कर रही है। इसके विरोध में 4 अप्रैल को डिपो परिसर में 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### तीन बंदियों को किया गया रिहा

# केंद्रीय जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद


फतेहाबाद। केंद्रीय जेल 2 हिसार में आयोजित जेल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करती सीजेएम सम्प्रीत कौर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल 2 हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सम्प्रीत कौर ने की। विभिन्न अदालतों में लंबित चार मामले रखे गए जिनमें से तीन केसों का निपटारा किया गया। इन 4 मामलों में 3 बंदियों को सजा मुक्त कर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम ने विचाराधीन महिला कैदियों बारे जेल प्रशासन से पूछताछ की। इसके अलावा जेल परिसर का भी निरीक्षण किया और साफ सुथरा पाया गया। उन्होंने विचाराधीन महिला कैदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जिस के संबंध में कोई मौखिक शिकायत नहीं दी। कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत करवाया गया कि यदि उनके पास अपने केस को डिफेंस करने के लिए वकील नहीं है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त वकील ले सकते हैं ताकि वह कोर्ट में उनके केस की पैरवी कर सके। सीजेएम सम्प्रीत कौर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01667-231174 व टोल फ्री नंबर 1800-180-2057 पर सुबह 9.30 बजे से 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को फोन द्वारा हर प्रकार की कानूनी सहायता व जानकारी दी जाती है।

## लुधियाना एक्सप्रैस के सिरसा से रवानगी समय में बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सिरसा स्टेशन से लुधियाना एक्सप्रेस के समय में बदलाव की मांग को लेकर डॉ. राजकुमार डूमरा व डिंग मंडी से गुड्डू सोनी ने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी भेजी है। प्रधानमंत्री को भेजी चिट्ठी में मनोहर लाल वर्मा ने बताया कि लुधियाना एक्सप्रैस सिरसा स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर आ जाती है। इस गाड़ी को वापिस 1 बजकर 15 मिनट पर हिसार के लिए रवाना किया जाता है, जोकि काफी लेट है। सिरसा से हिसार की तरफ जाने के लिए पहले सुबह 2 बजकर 55 मिनट पर सिरसा एक्सप्रैस चलती है, उसके बाद किसान एक्सप्रैस सिरसा से 6 बजकर 20 मिनट पर रवाना होती है। इसके बाद ऐसी कोई गाड़ी नहीं है, जोकि सिरसा भिवानी, रेवाड़ी, रोहतक और दिल्ली जाने के लिए हो। इसके बाद सिरसा से लुधियाना एक्सप्रैस यहां से 1 बजकर 15 मिनट पर हिसार के लिए रवाना की जाती है। उसके बाद यह गाड़ी हिसार से धुरी होती हुई लुधियाना को चली जाती है। डा. डूमरा ने बताया कि सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लेकर 1 बजकर 15 मिनट तक बीच में हिसार या आगे जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री से निवेदन किया कि उक्त गाड़ी को सिरसा से सुबह 11 बजे से सवा 11 बजे के बीच में चलाने का कष्ट करें।

## खबर संक्षेप

### सीडीएलयू में नेत्र जांच शिविर, 111 की जांच

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने किया। संस्था के सचिव डा. सुरेंद्र हांडा ने बताया कि शिविर में 111 विद्यार्थियों व कर्मचारियों की आंखों की जांच की गई। आंखों की जांच के लिए गुप्ता आई केयर की टीम पहुंची।

### सिरसा से अयोध्या के लिए बस रवाना

**सिरसा।** सांवरिया के सेवादार बस सेवा समिति द्वारा सिरसा से अयोध्या धाम के लिए बस रवाना हुई। समस्त श्री सांवरिया के सेवादार समिति के सेवादार भारत भूषण शर्मा, रवि मिमानी, मनीष सोनी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बस को प्राचीन श्री श्याम मंदिर की संरक्षक तारा शर्मा ने बाबा श्याम की धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। यह बस अयोध्या, वृंदावन, चित्रकुट, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ (वाराणसी) मथुरा, कोकिलावन व अन्य आलौकिक मंदिरों के दर्शनो उपरांत मंगलवार को सिरसा वापस पहुंचेगी।

### यातायात अवहेलना करने वालों पर कसा शिकंजा

**सिरसा।** जिला यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में जिला यातायात पुलिस अधिकारियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखेनुमा साइलेंसर लगाने व कारों पर काली रील लगाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

### फतेहाबाद से एक छात्रा सहित चार लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक छात्रा सहित चार लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में इम्पलाइज कालोनी रतिया निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 साल की लड़कीमहिला कॉलेज ढाणी जाखनदादी में पढ़ती है। रोजाना की तरह 1 अप्रैल को सुबह वह स्कूटी पर सवार होकर घर से कॉलेज जाने की बात कहकर गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

### कागदाना में टीचर दंपति के घर चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** गांव कागदाना में एक घर में सेंध लगाकर चोर आभूषण व अन्य सामान चुरा ले गए हैं। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में साहबदीन ने बताया कि वह गांव शाहपुरिया स्थित राजकीय विद्यालय में प्राध्यापक के रूप में नियुक्त है, जबकि उसकी पत्नी कागदाना के राजकीय विद्यालय में कार्यरत है।

### एक के बदले 100 देने का झांसा देकर ठगी अंगूठियां

**सिरसा।** पुलिस ने गांव पनिहारी निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र भानी राम की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह 2 अप्रैल को अपनी भतीजी व दामाद को दवा दिलाने के लिए जनता अस्पताल आया था। जब वह कुछ आगे पहुंचा तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक उसके पास आया और कहा कि एक के बदले 100 रुपये करके देगा। उसने उसे बातों में उलझा लिया।

### सीडीएलयू ने जारी किया मर्सी चांस का नोटिफिकेशन

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर शहीद-ए-आजम स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक शैलेंद्र हुड्डा को मांग पत्र सौंपा गया था, जिस पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विद्यार्थियों को (मर्सी चांस) दे दिया है। प्रधान अजय चौधरी व इंचार्ज सैंडी कंबोज ने बताया कि उनका संगठन समय-समय पर विद्यार्थियों की समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रबंधन के समक्ष उठाता रहा है।

## सीडीएलयू सिरसा के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

# त्रिवेणी युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर फतेहाबाद का एमएम कॉलेज सम्मानित

**4 से 8 सितम्बर 2023 तक एमएम कॉलेज में किया गया था 10वां त्रिवेणी यूथ फेस्टीवल का**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज को स्थापना दिवस पर सम्मानित करते सीडीएलयू कुलपति प्रो. अजमेर सिंह कम्बोज।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा 22वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक द्वारा एमएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास को यह सम्मान प्रदान किया।

इसके अलावा शिक्षा, संगीत, खेल व अन्य गतिविधियों में सीडीएलयू का नाम देशभर में रोशन करने वाले एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों को भी विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। एमएम कॉलेज को मिले इस सम्मान से कॉलेज परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। इस शानदार उपलब्धि पर एमएम कॉलेज एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, उपप्रधान अशोक तनेजा, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा व शिक्षण संस्थान के उपप्रधान संजीव बत्रा सहित समस्त पदाधिकारियों ने कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को बधाई दी और सीडीएलयू कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक का आभार जताया। बता दें कि सीडीएलयू द्वारा 4 सितम्बर से 8 सितम्बर 2023 तक 10वां त्रिवेणी यूथ फेस्टीवल का आयोजन एमएम कॉलेज में किया गया था। एमएम कॉलेज द्वारा इस यूथ फेस्टीवल का भव्य तौर पर आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास के नेतृत्व में कॉलेज प्रशासन द्वारा यूथ फेस्टीवल के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की जमकर सराहना की गई थी। कॉलेज स्टाफ सदस्यों द्वारा दिन-रात मेहनत कर इस यूथ फेस्टीवल के सफल आयोजन में अहम योगदान दिया था। इसके अलावा 37वें नेशनल यूथ फेस्टीवल जोकि एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना में आयोजित हुआ था। इस 115 विश्वविद्यालयों से 2300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### वन एक्ट प्ले में देशभर में तीसरा स्थान पाया

*इस यूथ फेस्टीवल में भी एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीडीएलयू का प्रतिनिधित्व करते हुए देशभर में यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। नेशनल यूथ फेस्टीवल में कॉलेज की टीम ने नितिन सचदेवा के नेतृत्व में वन एक्ट प्ले में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया तथा नेशनल यूथ फेस्टीवल में कॉलेज की संगीत विभाग की छात्रा मुस्कान ने विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. अंतरिक्ष शर्मा व सावन के नेतृत्व में भाग लेते हुए देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया।*

### प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को बधाई

*एमएम कॉलेज ने पिछले कुछ सालों में अनेक शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। शिक्षा ही नहीं, संगीत, खेल सहित तमाम गतिविधियों में कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। यह सब कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। कॉलेज को मिले सम्मान के लिए कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को बधाई।*

*-राजीव बत्रा, प्रधान एमएम एजुकेशन सोसायटी*

## श्रीकृष्ण-रुकमणि विवाह की झांकी ने मोहा मन



**सिरसा।** श्री गौशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में छठे दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण-रूकमणि के विवाह का वर्णन विस्तार से सुनाया। कथा वाचक योगेन्द्र कृष्ण महाराज ने बताया कि पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। कथा व्यास ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना कालयवन का वध, ऊधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुकमणि विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों से आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं। कथा में भजन तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया... पर श्रोता भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। उन्होंने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भागवत प्राप्ति आवश्यक है। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी है। भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया।

## फतेहाबाद पुलिस ने गुम हुआ पर्स लौटाकर ईमानदारी का दिया परिचय



**फतेहाबाद।** म्योंद चौकी प्रभारी ने ईमानदारी दिखाते हुऐ एक राहगीर का गुम हुआ पर्स व 5 हजार की नकदी लौटाकर इमानदारी का परिचय दिया है। मिली जानकारी के अनुसार म्योंद चौकी प्रभारी रमेश कुमार को गश्त के दौरान नहर के किनारे पर्स गिरा हुआ मिला। चौकी प्रभारी ने नगदी व पर्स देखकर अपनी ईमानदारी दिखाते हुए पर्स व नगदी के असल मालिक का पता लगाने की कोशिश शुरू की। कुछ ही घंटों मे असल मालिक मनजिंदर सिंह निवासी पंजाब का पता लगाकर उसके पर्स व नगदी के बारे में पूछताछ करके मनजिंदर सिंह को पर्स व 5 हजार रुपये की नगदी लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। इससे इलाके मे चौकी प्रभारी की तारीफ की जा रही है।

# बीएड कॉलेज पहुंचे स्पेशल विद्यार्थी

- विश्वास पुनर्वास केन्द्र के विशेष विद्यार्थियों ने खूब किया एन्ज्वाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में पहुंचे विश्वास पुनर्वास केन्द्र के स्पेशल विद्यार्थियों का स्वागत करते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

मनोहर मैमोरियल शिक्षण संस्थान में एनएसएस यूनिट एवं कम्युनिटी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज विश्वास पुनर्वास केंद्र के स्पेशल विद्यार्थियों को संगीता मैम की देख रेख में कॉलेज प्रांगण में बुलाया गया। कॉलेज के एनएसएस यूनिट इंचार्ज डॉ. कमला जोशी एवं व कम्युनिटी क्लब इंचार्ज बलवंत सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के द्वारा इन स्पेशल विद्यार्थियों का फूलों एवं तिलक के साथ स्वागत किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उन बच्चों के साथ बहुत-सी एक्टिविटीज की और उनके विचारों को सुना। कॉलेज में आए पुनर्वास केन्द्र के स्पेशल विद्यार्थी भी काफी उत्साहित नजर आए और विभिन्न गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के अंतर्गत समय-समय पर विद्यार्थियों में इस प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती है। पुनर्वास केंद्र में जाकर बच्चों के साथ इंटरेक्शन करवाई जाती है ताकि कालेज के विद्यार्थी स्पेशल विद्यार्थियों के मनोभावों को समझ सके।

### लाखों रुपए की 220 ग्राम हेरोइन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से तीन लोगों को काबू कर उनके कब्जे से लाखों रुपए की 220 ग्राम हेरोइन पकड़ी है।गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अशोक कुमार उर्फ बंटी पुत्र कांति प्रसाद निवासी गांव न्योली कलां जिला हिसार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम बस अड्डा क्षेत्र में पहुंची तो एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर वहां से खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे ो 200 ग्राम हेरोइन बरामद हुई । एक अन्य घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को शहर की झूंथरा धर्मशाला के पास से 20 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान संतोष सिंह पुत्र दिलीप सिंह तथा जसप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 8 रानिया, जिला सिरसा के रूप में हुई है।

# वैदिक यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र शुरु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन में भाग लेते प्राचार्य व विद्यार्थी।

शानदार वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद स्थानीय पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के पावन प्रांगण में आज वैदिक यज्ञ के साथ नवीन शैक्षणिक-सत्र का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां डाली। तदुपरान्त विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने सम्बोधित करते हुए विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और विद्यालय की अत्याधुनिक कार्यप्रणाली एवं नियमावली से अवगत करवाया और साथ ही विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने की बात करते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने एवं अपनी सत्य सनातन वैदिक संस्कृति से प्रेरणा लेकर अपने माता-पिता के साथ सभी बड़े-बुजुगार्ं एवं अपनी संस्कृति का सम्मान करने व समय पर अपना गृहकार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया।

### जाखल के ग्रामीण क्षेत्रों में आज से दिन के समय गुल रहेगी बिजली

**जाखल।** गेहूं के सीजन को देखते हुए बिजली निगम द्वारा 4 अप्रैल से दिन में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है, ताकि गेहूं की फसल में होने वाली आग की घटनाएं को रोका जा सके। बता दें कि हर साल गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं देखने को मिलती हैं। इसका कारण खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार बनते हैं।

इसी कारण बिजली निगम ने 4 अप्रैल से कटाई के सीजन में दिन में बिजली बंद करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली आपूर्ति गांवों के लिए बाधित रहेगी। इसके साथ ही खेतों के लिए भी विद्युत आपूर्ति सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत निगम टोहाना के एसडीओ ने पत्र जारी कर धारसूल सब स्टेशन के अंतर्गत आते क्षेत्र के लिए दिन में बिजली आपूर्ति बाधित रखने के आदेश दिए हैं। खेतों में आगजनी की घटना से बचाव को लेकर निगम द्वारा ये फैसला लिया गया हैं। निगम के एसडीओ ने किसानों से अपील की है कि खेतों में ट्रांसफार्मर के आसपास सूखी घास या गेहूं की फसल हटा लें।

# सरस्वती पूजा के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपैक्स स्कूल में आयोजित हवन में भाग लेते स्कूल प्रबंधक।

अपैक्स ग्रुप ऑफ स्कूल्ज में सरस्वती पूजा व हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सतीश चराईपौत्रा, चंद्र चराईपौत्रा, अंशुल चराईपौत्रा, स्पर्श चराईपौत्रा, अमित मक्कड़, प्राचार्या एकता सचदेवा, प्राचार्य उमंग कक्कड़ , सहप्रचार्या डॉ. रिचा मदान, सत्र सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे। हवन के दौरान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई।

गौरतलब है कि 31 मार्च 2024 को पुरातन शैक्षिक वर्ष का समापन परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ किया गया था, जिसमें उत्कर्ष परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। अभिभावकों को चर्चा के माध्यम से पूरे वर्ष में बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों व उनकी उपलब्धियां से अवगत करवाया गया। स्कूल मैनेजमेंट ने अभिभावकों को बताया कि अपेक्स स्कूल ने न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का दृढ़ संकल्प लिया है, बल्कि यहां के मौजूदा परिवेश में सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस हवन समारोह के द्वारा विद्यालय में एक सकारात्मक और ऊर्जावान वातावरण बना और स्कूल के छात्रों के लिए नए सत्र की शुरुआत नई ऊर्जा के साथ हुई। यह सत्र नए सपनों और उत्साह के साथ आरंभ किया गया।

# डीएसपी ने अनाजमंडी का दौरा कर सुरक्षा का दिया आश्वासन



सिरसा। मंडी में आढ़तियों के साथ बातचीत करते डीएसपी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

मंडियों में फसल खरीद का सीजन चल रहा है। उसी को ध्यान में रखते हुए आज डीएसपी सुभाष चंद्र ने अनाजमंडी का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी का दौरा करने के बाद डीएसपी ने आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के कार्यालय में आढ़तियों के साथ एक बैठक की। एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएसपी ने खरीद व्यवस्था व सुरक्षा के बारे में आढ़तियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रधान मनोहर मेहता ने डीएसपी को बताया कि मंडी में इस समय सरसों की खरीद चल रही है। एक सप्ताह बाद गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि फसल खरीद सीजन में सिरसा मंडी में प्रतिदिन करोड़ों रुपयों का लेन देन होता है। सीजन में मंडी में चोरी व छीना-झपटी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। जब किसान अपनी फसल बेचकर पैसे लेता है और घर जाने लगता है तो चोर किसानों से पैसे छीनने की घटना को अंजाम देते हैं। इसलिए उनकी मांग है कि फसल खरीद सीजन में सिरसा मंडी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए। मंडी में कम से कम 10 ओमगार्ड तैनात किए जाए।

हर समय पुलिस पीसीआर (डायल 112) तैनात करने की मांग की। डीएसपी सुभाष चंद्र ने आढ़तियों की बात को ध्यान से सुना और कहा कि सिरसा मंडी में सुरक्षा की कोई कमी नहीं रहेगी। मंडी में 10 होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। पुलिस पीसीआर तैनात रहेगी। बाइक राइडर्स को भी तैनात किया जाएगा।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वीप प्रोग्राम के तहत वर्कशॉप

# एनसीसी अधिकारियों व कैंपर एंबेसडर को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




फतेहाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में आयोजित वर्कशॉप के दौरान मतदाता शपथ लेते अधिकारी व कैंपस अंबेसडर।

सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर की अध्यक्षता में स्वीप प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला स्थित सभी महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी अधिकारियों तथा कैंपस एंबेसेडर ने भाग लिया। महाविद्यालय की स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति ने सभी अधिकारियों तथा केंपस अंबेसडर का स्वागत किया गया तथा इस वर्कशॉप को करवाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। डाइट मताना से स्वीप रिसोर्स पर्सन देवेंद्र सिंह ने उपस्थित सदस्यों को चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं संबंधी शुरू की गई विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं व इलेक्शन ड्यूटी करने वाले अधिकारियों को दी जाने वाली मतदान सुविधाओं संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस वर्कशॉप में कैंपस अंबेसडर व एनएसएस तथा एनसीसी अधिकारियों द्वारा आगामी समय में कराए जाने वाली गतिविधियों का एक कैलेंडर भी तैयार किया गया। प्रोग्राम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई गई व मतदाता हस्ताक्षर अभियान हेतु एक बैनर भी सभी महाविद्यालयों से आए कैंपस अंबेसडर को वितरित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005